

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 06 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 25 अप्रैल 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार ÂDI-4 मंडला समाचार .....


## छिंदवाड़ा-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन को मुरूगन ने दिखाई हरी झंडी

छिंदवाड़ा यशोः- केंद्रीय सूचना प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. लोगनाथन मुरुगन ने छिंदवाड़ा में कहा कि छिंदवाड़ा के लिये आज का दिन ऐतिहासिक है, आज पीएम नरेंद्र मोदी रीवा इतवारी रीवा ट्रेन की सौगात छिंदवाड़ा को दे रहे है साथ ही छिंदवाड़ा , नैनपुर ट्रेन की सौगात भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब लोग मैहर माता के आसानी से दर्शन कर सकेंगे। रीवा ऐ सप्रेस से रेगांव जा सकेंगे जिससे प्रयागराज भी नजदीक होगा। जल्द ही मणिपुर के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू होगी। श्री मुरूगन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने पीएम मिड गेज को ब्रॉडगेज में कन्वर्ट करने का काम शुरू किया। छिंदवाड़ा के तत्कालीन सांसद सुंदर लाल पटवा ने गेज कन्वर्जेस के लिए भूमिपूजन किया था। पीएम नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास की भावना से कार्य कर रहे है । कार्यक्रम के दौरान डी आर एम नमिता त्रिपाठी, महापौर विक्रम अहके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार और भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू मौजूद रहे। छिंदवाड़ा में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री एल मुर्गन हरी झंडी दिखाकर ट्रेन की शुरुआत की ।

## आजीविका मिशन कार्यालय बरघाट में सुरक्षा जवान भर्ती पंजीयन शिविर आज

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं राज?य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयु ?त तत?वाधान में मंगलवार 25 अप्रैल को आजीविका मिशन कार्यालय बरघाट में सुरक्षा जवान भर्ती हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन कैपिटल प्रोटे ?शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के माध?यम से किया जा रहा है, जिसमें न?यूनतम 8वीं पास, 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 167 सेंमी ऊंचाई और 50 किग्रा वजन के मानदंड को पूर्ण करने वाले ग्रामीण बेरोजगार युवाओं का चयन किया जायेगा। चयनित युवाओं को 250 रूपयें पंजीयन शु?क देना होगा। इस संबंध में जानकारी प्रा?त करने के लिये सुरक्षा जवान भर्ती अधिकारी के मों नंबर 9113493794 पर संपर्क कर सकते हैं, इस हेतु मार्ग व?यय देय नहीं होगा।





# सांसद और विधायक ने सवारी गाड़ी को दिखाई हरी झण्डी

**ब्राडगेज पर सवारी गाड़ी को देखने हजारों आंखे पहुंची स्टेशन पर**




सिवनी यशोः- अमान परिवर्तन के बाद आज से सिवनी रेल्वे स्टेशन से सवारी गाड़ियों का परिचालन शुरू हो गया है। सिवनी वासियों का एक लंबा इंतजार आज खत्म हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रीवा से रीवा इतवारी ऐ सप्रेस ट्रेन के साथ ही नैनपुर छिंदवाड़ा और छिंदवाड़ा नैनपुर पैसेंजर ट्रेन का शुभारंभ दोपहर 12:30 बजे जैसे ही किया, रेल्वे स्टेशन सिवनी में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख रहे हजारों लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत कर खुशी का इजहार प्रदर्शित किया। यह वह क्षण था जिसका इंतजार ब्राडगेज लाईन का काम पूरा होने के बाद से लोग कर रहे थे। रेल्वे स्टेशन में आयोजित इस कार्यक्रम के मु य अतिथि बालाघाट - सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विशेष अतिथि विधायक सिवनी दिनेश राय मुनमुन, अन्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, नगरपालिका अध्यक्ष सफीक खान एवं एडीआरएम सहित रेल्वे विभाग के अन्य अधिकारी और भाजपा कांग्रेस तथा ब्राडगेज संघर्ष समिति, रेल विकास समिति के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सहित सिवनी नगर एवं आसपास के क्षेत्र के हजारों लोग सवारी गाड़ी के स्वागत के लिए उपस्थित थे।

ज्ञातव्य हो कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.व्ही.नरसि हा राव (वर्ष 1992-1996) ने देश की बची हुई नेरोगेज लाईनों एवं मीटर गेज लाईन को ब्राडगेज लाईन में अमान परिवर्तन करने की घोषणा की थी। इस दौरान सिवनी में अंग्रेजों के जमाने की नैरोगेज लाईन के अमान परिवर्तन की संभावना दिखाई देने लगी थी किंतु तत्कालीन प्रधानमंत्री की घोषणा अमलीजामा नहीं पहन सकी और जिला में छोटी लाईन की सवारी गाड़ियों का संचालन होता रहा। वर्ष 1998 से वर्ष 1999 एवं वर्ष 1999 से 2004 तक भाजपा की सरकार अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी, फिर उसके बाद 2004 से 2009 और 2009 से 2014 तक कांग्रेस की सरकार केन्द्र में बनी। इस दौरान नैरोगेज को ब्राडगेज में बदलने की चर्चा तो होती रही किंतु न कोई नीति बनी और न ही योजना। यद्यपि वर्ष 2011 में केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री कमलनाथ द्वारा छिंदवाड़ा में छिंदवाड़ा सिवनी नैनपुर अमान परिवर्तन का शिलान्यास किया गया था तब भी लोगों को ब्राडगेज को लेकर काफी उ मीद जागी थी किन्तु यह शिलान्यास भी ठण्डे बस्ते में पड़ा रहा।

वर्ष 2015 के नव बर माह में जबलपुर गोंदिया एवं छिंदवाड़ा सिवनी नैनपुर में अमान परिवर्तन की घोषणा के साथ ही मेगाब्लाक लगा दिया गया। मेगाब्लाक लगने के कुछ दिन बाद ही पटरियों के उखाड़ने का काम शुरू हो गया। इस कार्य की स्पीड देखकर ऐसा लगा कि करीब 3-4 साल के दौरान ही ब्राडगेज का सपना पूरा हो जायेगा। वर्ष 2016 पटरियों के उखड़ने के बाद अर्थवर्क की टेंडर प्रक्रिया में गुजर गया। वर्ष 2017 से जिस जिस निर्माण एजेंसी को जिस जिस से शन का कार्य मिला और अर्थवर्क शुरू हुआ किन्तु अर्थवर्क की र तार कछुए गति से चलती रही, रेल्वे के अधिकारियों ने भी ठेकेदारों पर दबाव नहीं बनाया। जबलपुर से गोंदिया अमान परिवर्तन कार्य की गति के सामने नैनपुर से छिंदवाड़ा में हो रहे कार्य की गति बोनी साबित हो रही थी। जैसे तैसे छिंदवाड़ा से चौरई एवं नैनपुर से केवलारी तथा बाद में भोमा तक अर्थवर्क से लेकर लाईन बिछाने का काम शुरू हुआ किन्तु भोमा से चौरई तक अर्थवर्क का काम भी टुकड़ों टुकड़ों में होता रहा। इलें ट्रक फिकेशन का काम भी धीमी गति से चला, नतीजा यह निकला कि जिस कार्य को 4-5 साल में हो जाना था उसे 8 साल लग गये। यह 8 साल का इंतजार आज उस समय खत्म हो गया जब हजारों लोग ब्राडगेज पर सवारी गाड़ी को दौड़ते हुए देखने के साक्षी बने।

आज छिंदवाड़ा नैनपुर सवारी की गाड़ी जब दोपहर 2:30 बजे करीब सिवनी रेल्वे स्टेशन पर पहुंची तो हजारो लोग उसके स्वागत के लिए जिस तरह से दौड़े वह उत्साह यह प्रमाणित कर रहा था कि वर्षो का इंतजार खत्म होने के बाद लोगों को कितनी खुशी मिली है। इसी तरह दोपहर करीब 3 बजे जब नैनपुर से छिंदवाड़ा जाने वाली सवारी गाड़ी सिवनी स्टेशन पहुंची तब भी भारी सं या में लोगों ने उसका स्वागत किया। इस तरह आज से सिवनी भी ब्राडगेज की सुविधा से जुड़ गया। आज बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ट्रेनों के लोकोपायलेट का स्वागत किया एवं हरी झण्डी दिखाकर उन्हें रवाना किया।



## पीएम ने रीवा से दिखाई हरी झंडी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रीवा से रीवा इतवारी बाया नैनपुर-सिवनी ए सप्रेस का दोपहर 12:40 पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी श्रृंखला में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर डिविजनल रेलवे मैनेजर नागपुर क्षेत्र के नैनपुर जं शन से ट्रेन क्रमांक 08286 नैनपुर छिंदवाड़ा ट्रेन का शुभारंभ हुआ।

## आज मनाया जावेगा नगर गौरव दिवस (सिटी डे)

**सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर नगरपालिका परिषद सिवनी द्वारा गौरव दिवस (सिटी डे) के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। सिवनी नगर में आदि शंकराचार्य जी का आगमन हुआ था। आदि शंकराचार्य जी द्वारा सिवनी नगर के प्राचीन ऐतिहासिक मठ मंदिर में शिव लिंग की स्थापना की गई थी, अतः ''आदि शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस'' ''बैशाख शु ल पंचमी'' तिथि को नगर गौरव दिवस (City Day) मनाने का परिषद द्वारा सर्वस मति से प्रस्ताव पारित किया गया है जिसका कार्यक्रम मठ मंदिर प्रांगण में आज दिनांक 25 अप्रैल मंगलवार सायं 7 बजे किया जाना है। जिसमें मु य वक्ता के रूप में द्वारिका पीठाधीश्वर श्री शंकराचार्य जी 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज होंगे। नगर पालिका परिषद सिवनी नगर की जनता, समस्त जनप्रतिनिधियों, प्रबुध्दजनों एवं मीडिया के साथियों से इस गौरवपूर्ण आयोजन में शामिल होने का अनुरोध करती है।**

# जगह जगह हुआ ट्रेन का स्वागत

## केवलारी में राकेश पाल ने तो पलारी में प्रदीप राय के नेतृत्व में हुआ स्वागत





केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मु यालय केवलारी में नैनपुर से छिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेन का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने स्वागत किया। केवलारी में ट्रेन के पहुँचने पर विधायक ने बड़ी सं या मं उपस्थित कार्यकर्त्ताओ एवं स्थानीयजनों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं बेहतर प्रयासों के लिये समस्त जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया । नैनपुर से छिंदवाड़ा ट्रेन के पहुँचने पर ट्रेन चालक और अन्य कर्मचारियों का तिलक चंदन वंदन कर स्वागत किया तथा इसी ट्रेन से कार्यकर्त्ताओं के साथ सिवनी तक की यात्रा की ।

पलारी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय की उपस्थिती में भाजपा के कार्यकर्त्ताओं एवं स्थानीयजनों ने ट्रेन का स्वागत किया इसी प्रकार कान्हीवाड़ा एवं भोम में ट्रेन का स्वागत किया गया ।

नैनपुर से छिंदवाड़ा आने वाली गाड़ी 1.30 बजे पलारी स्टेशन पहुंची केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने केवलारी से भोमा तक सफर तय किया पलारी स्टेशन पर मंडल पलारी द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में स मिलित हुए एवं सभी महानुभावों के द्वारा स्टेशन अधीक्षक,रेल कर्मचारी,चालक,रक्षक सभी का फूल माला भेंटकर, स्वल्पाहार के साथ बाजा गाजा के साथ भव्य स्वागत हुआ।

जनपद अध्यक्ष रणजीत सिंह जी ठाकुर, वरिष्ठ जीवनलाल पटेल, सेवकराम अम्रते, तुलसीराम ठाकुर, नारायण साहूए रजनीश त्रिपाठी, प्रमोद चौरासिया, महामंत्री प्रकाश ठाकुर, विजय परते, युवा मोर्चा अध्यक्ष भवन सिंह, महामंत्री नीलेश ठाकुर, रामकृष्ण ठाकुर, घनश्याम ब्र होरिया, नरसिंग पटेल जगदीश ठाकुर, सरजू ठाकुर, सरस अम्रते, सहित कार्यकताओं के साथ साथ हजारों की सं या में ग्रामीणजन एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे। सभी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार का आभार प्रकट किया।





## भाजपा ने निकाली स्वागत रैली, नगर की जनता को दी शुभकामनाएँ

छिंदवाड़ा नैनपुर ब्राडगेज में ट्रेन के नियमित संचालन की घोषणा के बाद सोमवार को प्रथम दिन भारीतय जनता ने जिला भाजपा कार्यालय से रेल्वे स्टेशन तक स्वागत रैली का आयोजन किया इस रैली में बालाघाट सिवनी सांसद डॉ.ढालसिंह बिसेन भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन खुली जीप में नगरवासियों को रेल की सौगत मिलने पर शुभकामनाएँ दे रहे थे । सांसद डॉ. बिसेन के प्रयासों के लिये सिवनी नगर के अनेक स्थानों पर उनका गरिमापूर्ण तरीके से स्वागत किया गया । यह रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये रेल्वे स्टेशन पहुँची जहाँ प्रधानमंत्री जी के वर्चुअल संबोधन को सुना गया एवं नैनपुर से छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा से नैनपुर ट्रेनों के पहुँचने पर स्वागत किया गया

## चार दिन चलेगी रीवा इतवारी ट्रेन

रीवा इतवारी ऐ सप्रेस ट्रेन का रूटपश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसी आर) नोटिफिकेशन क्रमांक 12/23 दिनांक 23/4/ 2023 रीवा इतवारी एवं इतवारी रीवा 24 कोच के साथ ऐ सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 24अप्रैल 2023 को हुआ है। जिसकी समय सारणी जारी कर दी गई है। रीवा इतवारी ऐ सप्रेस ट्रेन क्रमांक 01756 रीवा से 17:20 में शुरू होकर सतना 18: 10, मैहर 18:43, कटनी 19:35, जबलपुर 21:30, *नैनपुर* 2:05, *सिवनी* 3:39, चौरई 4:12, छिंदवाड़ा 5:15,सौसर 6:50 सांवनेर7:22 इतवारी 8:40 में पहुंचेगी।इतवारी से रीवा ऐ सप्रेस क्रमांक 01755 इतवारी नागपुर से 17:30 वजे से शुरू होकर सावनेर 18:01,सौसर 18:33, छिंदवाड़ा 20:30, चौरई 21:32, *सिवनी* 22ः02, *नैनपुर* 23:31 जबलपुर 4:05, कटनी 5:25, मैहर 6:22, सतना 7:10, रीवा 8:20 सुबह में पहुंचेगी।

रीवा इतवारी ऐ सप्रेस ट्रेन सप्ताह में 4 दिन चलेगी रीवा से दिनांक 26/4/2023 से मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार, रविवार, एवं इतवारी से बुधवार शुक्रवार, शनिवार और सोमवार को उपलब्ध रहेगी।